(13)

वित्तीय स्वीकृति/आयोजनागत

संख्याः /XVII-3/2012-07(01)/2011

प्रेषक,

एम0एच0 खान,
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

निदेशक,
अल्पसंख्यक कल्याण उत्तराखण्ड,
देहरादून।

समाज (अल्पसंख्यक) कल्याण अनुभाग–3 देहरादून दिनांक 11 सितम्बर, 2012

विषयः **वित्तीय वर्ष 2012–13 के आय–व्ययक में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अनुदान संख्या–15 के आयोजनागत पक्ष में अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थाओं में अवस्थापना सुविधाओं का विकास (आई0डी0एम0आई0 शतप्रतिशत केन्द्र पोषित) योजना में प्राविधानित धनराशि की वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक, अवर सचिव, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के पत्रांक दिनांक 14 अगस्त, 2012 (छायाप्रति संलग्न) के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि **"अल्संख्यक शैक्षिक संस्थाओं में अवस्थापना सुविधाओं का विकास"** (आई0डी0एम0आई0) योजनान्तर्गत उत्तराखण्ड राज्य में चयनित कुल 18 मदरसों (छायाप्रति संलग्न) में अवस्थापना विकास हेतु केन्द्र सरकार द्वारा स्वीकृत कुल ₹ 762.78 लाख के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2012–13 हेतु प्रथम किश्त (50 प्रतिशत) के रूप में **कुल ₹ 381.41 लाख (₹ तीन करोड़ इक्यासी लाख इकतालीस हजार मात्र)** की धनराशि संलग्न विवरणानुसार निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन आपके निवर्तन पर रखते हुए व्यय किए जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैः–

1. वित्त अनुभाग–1 के शासनादेश संख्याः–321/XXVII(1)/2012 दिनांक 19 जून, 2012 में उल्लिखित समस्त शर्तों एवं दिशा–निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
2. अयोजनागत में प्राविधानित अन्य धनराशि हेतु नियमानुसार मांग प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराया जाएगा।
3. उक्त आवंटित धनराशि किसी ऐसे मद पर व्यय करने से पूर्व वित्तीय हस्त पुस्तिका के अंतर्गत शासन या अन्य सक्षम अधिकारी की पूर्व स्वीकृति आवश्यक हो तो ऐसा व्यय अपेक्षित स्वीकृति प्राप्त करके ही किया जाए।
4. यह व्यक्तिगत रूप से सुनिश्चित कर लिया जाए कि आवश्यकतानुसार आंवटित धनराशि के प्रत्येक बिल में चाहे वह वेतन आदि के संबंध में हो अथवा आकस्मिक व्यय के संबंध में, सम्पूर्ण मुख्य/लघु/उप तथा विस्तृत शीर्षक को अंकित किया जाए और प्रत्येक बिल में दाहिनी और लाल स्याही से अनुदान संख्या–15 तथा आयोजनागत शब्द स्पष्ट लिखा जाए, अन्यथा महालेखाकार, कार्यालय में सही बुकिंग में बाधा होगी।

5. संलग्नक में वर्णित धनराशियों का समय से उपयोग करने के लिये यह भी सुनिश्चित कर लें कि धनराशि परिधिगत अधिकारियों को तत्काल अवमुक्त कर दी जाए। आवंटन एवं व्यय की स्थिति से यथासमय शासन को अवगत कराया जाए।
6. संस्था द्वारा अपने स्रोतों से व्यय धनराशि तथा भारत सरकार के मापदण्डों के अनुपालन की पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित जनपद के जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं उपरजिस्ट्रार, मदरसा बोर्ड, देहरादून की होगी।
7. अप्रयुक्त धनराशि वित्तीय हस्त पुस्तिका के प्राविधानों के अंतर्गत समय–सारिणी के अनुसार समर्पित किया जाना सुनिश्चित किया जाए।
8. कृपया उपर्युक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन अपने एवं अधीनस्थ स्तरों पर भी सुनिश्चित करें।
9. यह उल्लेखनीय है कि शासन के व्यय में मितव्ययता नितान्त आवश्यक है, अतः व्यय करते समय मितव्ययता के सम्बन्ध में समय–समय पर जारी शासनादेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।
10. उक्त के अतिरिक्त भारत सरकार के मानव संसाधन मंत्रालय द्वारा इंगित समस्त शर्तों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा।
11. उक्त धनराशि सम्बन्धित जनपदों के जिला समाज कल्याण अधिकारी के माध्यम से सम्बन्धित संस्था/मदरसे की प्रबन्ध समिति को वितरित की जाएगी तथा संगत कार्यों की प्रगति एवं धनराशि की समुचित उपयोग के सम्बन्ध में निरन्तर अनुश्रवण किया जायेगा।
12. संबंधित संस्था कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व निर्माण एजेंसी के साथ एम0ओ0यू0 भी निष्पादित करेंगी। समस्त धनराशि (संस्था/मदरसे के 25 प्रतिशत अंश सहित) पूर्व में भारत सरकार को प्रेषित किये प्रस्ताव में इंगित मदों पर ही व्यय की जाएगी एवं निर्धारित समयसारिणी के अनुसार समस्त कार्य पूर्ण किये जायेंगे।
13. एम0ओ0यू0 में भारत सरकार के दिशा–निर्देशानुसार संस्था द्वारा वहन की जाने वाली 25 प्रतिशत राशि ब्योरा भी इंगित करते हुए निर्माण कार्य के प्रथम चरण की सामयसारिणी भी तय करनी होगी जिससे भारत सरकार को समयान्तर्गत उपयोगिता प्रमाण–पत्र एवं वित्तीय/भौतिक प्रगति विवरण प्रेषित करते हुए द्वितीय किश्त प्राप्त कर समस्त संस्तुतकार्य समय से पूर्ण किये जा सकें।
14. सम्बन्धित जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं उप रजिस्ट्रार, उत्तराखण्ड मदरसा बोर्ड, देहरादून समय–समय पर निर्माण कार्यों का भौतिक निरीक्षण भी करेंगे, यदि कोई अनियमितता दृष्टिगत प्रतीत हो तो उसे निदेशालय के माध्यम से शासन के संज्ञान में लाया जाएगा।
15. इस संबंध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2012–13 के आय–व्ययक के अनुदान संख्या–15 के अंतर्गत संलग्न तालिका में उल्लिखित लेखाशीर्षकों की सुसंगत प्राथमिक इकाईयों के नामे डाला जाएगा।
16. यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्याः–77(P)/XXVII(S)/2012–13 दिनांक 10 सितम्बर, 2012 में प्राप्त उनकी सहमति से तथा आवंटन अनुदान संख्या–15 के अलोटमैंट आई डी संख्या–S1208150251 दिनांक 27 अगस्त, 2012 के क्रम में जारी किये जा रहे हैं।

संलग्नकः यथोपरि।

भवदीय,

(एम0एच0 खान)
सचिव।

पृष्ठांकन संख्याः ९९७ (1)/XVII-3/12-07(01)/2011 तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. महालेखाकार, उत्तराखण्ड, देहरादून।
2. निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवाऐं, उत्तराखण्ड, देहरादून।
3. उपरजिस्ट्रार, मदरसा बोर्ड, देहरादून।
4. जिला समाज कल्याण अधिकारी, हरिद्वार/देहरादून/नैनीताल/उधमसिंह नगर।
5. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग–03, उत्तराखण्ड शासन।
6. बजट, राजकोषीय नियोजन एवं संसाधन निदेशालय, उत्तराखण्ड सचिवालय परिसर, देहरादून।
7. राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र, उत्तराखण्ड सचिवालय परिसर, देहरादून।
8. आदेश पंजिका।

आज्ञा से,

(एम0एच0 खान)
सचिव।